33

''बीज बोने वाले का दृष्टांत सुनो''

मत्ती 13:3-10, 18-23; मरकुस 4:2-10, 13-20; लूका 8:4-9, 11-15, एक निकट दृष्टि

जैसे-जैसे प्रचार में मेरा अनुभव बढ़ता गया है, वैसे-वैसे मैं काफ़ी हद तक इस बात का कायल होता गया कि श्रोता ही निर्धारित करता है कि कोई प्रवचन कितना प्रभावकारी है। हो सकता है कि मेरे प्रवचन को एक जगह लोग बहुत सराहें; परन्तु वही संदेश किसी दूसरी जगह सुनाने पर, कुछ सुनने वालों को औसत दर्जे का या उससे भी घटिया लगे। एक स्थान पर, एक प्रवचन बहुत से लोगों के दिल पर असर कर सकता है; हो सकता है कि दूसरी जगह पर वही प्रवचन किसी को पसन्द ही न आए। यद्यपि मुझे यह मानना पड़ेगा कि अब मेरे संदेश में कुछ सीमा तक सुधार आ गया है, परन्तु बड़ा अन्तर तो सुनने वालों में आया लगता है। यीशु ने एक बार एक दृष्टांत समझाया, जिसमें ज़ोर दिया गया कि सुसमाचार की सफलता में सुनने वालों का योगदान होता है।[1]

दृष्टांत (मत्ती 13:3-9; मरकुस 4:2-9; लूका 8:4-8)

यीशु ने आरम्भ किया, ''एक बोने वाला बीज बोने निकला'' (मत्ती 13:3ख)।

मार्ग के किनारे की भूमि: सख़्त

''बोते समय कुछ बीज मार्ग के किनारे गिरे और पक्षियों ने आकर उन्हें चुग लिया'' (मत्ती 13:4क)। उस समय पलिश्तीन में खेतों के बीच बाड़ नहीं होती थी और खेतों में से ही पगडण्डियां बनी होती थीं। ये पगडण्डियां खेतों में से गुजरने वाले लोगों के चलने से सख़्त हो जाती थीं। इनमें बीज मिट्टी के अन्दर नहीं जा सकता था, जिससे वह ऊपर ही पड़ा रहता था। जिस कारण वह, ''रौंदा गया, और आकाश के पक्षियों ने उसे चुग लिया'' (लूका 8:5ख)।[2]

पथरीली भूमि: सतही

''कुछ पथरीली भूमि पर गिरे, जहां उन्हें मिट्टी न मिली'' (मत्ती 13:5क)। यह वह भूमि थी, जिसके नीचे पत्थर थे, जो ऊपर से मिट्टी से ढके हुए थे।[3] पलिश्तीन के खेतों में सब पहाड़ी देशों की तरह ऐसी जगहें भी बहुत थीं। यह भूमि मार्ग के किनारे की भूमि की तरह कठोर थी, परन्तु दिखने में यह ऊपर से अच्छी ही लगती थी।

इस किस्म की भूमि पर जब बीज गिरा तो थोड़ी सी मिट्टी मिलने के कारण ही उगने लगा। परन्तु भूमि इतनी सतही थी कि पौधे जड़ नहीं पकड़ पाए, ''और गहरी मिट्टी न मिलने के कारण वे जल्द उग आए,'' (आयत 5ख)। परिणाम यह हुआ कि ''... सूरज निकलने पर वे जल गए, और जड़ न पकड़ने ['तरी न मिलने से''; लूका 8:6] से सूख गए'' (मत्ती 13:6)।

झाड़ियों वाली भूमि: विभाजित

''[दूसरे बीज] झाड़ियों में गिरे'' (मत्ती 13:7क)। यह अच्छी और उपजाऊ भूमि थी, परन्तु इसे पहले ही झाड़ियों ने घेर रखा था। जे. डज्ल्यू. मैज़र्वे ने लिखा है कि पलिश्तीन में 16 किस्म की झाड़ियां हैं, कहीं-कहीं वे इतनी घनी होती हैं कि घोड़े पर बैठकर भी उनमें से गुज़रा नहीं जा सकता।[4]

यह भूमि दिखने में अच्छी लगती होगी, ज़्योंकि झाड़ियां ऊपर से काट दी गई थीं, परन्तु उनकी जड़ें नहीं काटी गई थीं। जब मैं छोटा था, तो पिता जी मुझे बगीचे में गुड़ाई करना सिखाते थे, मैं मानता हूं कि कई बार मैंने जंगली पौधों को ऊपर-ऊपर से ही काटा। इस प्रकार बगीचे में जंगली पौधे *दिखाई नहीं देते* थे, और काम निपटाने में अधिक समय भी नहीं लगता था। बेशक, इसका परिणाम यह होता था कि मुझे थोड़े समय बाद फिर से बगीचे की गुड़ाई करनी पड़ती थी!

बीज ने इस भूमि में बढ़कर जड़ पकड़ ली, परन्तु ''झाड़ियां साथ-साथ बढ़ गईं'' (लूका 8:7)। जिस कारण, ''झाड़ियों ने बढ़कर उन्हें [छोटे पौधों को] दबा डाला'' (मत्ती 13:7ख)। एक बार मैंने यह सच्चाई बहुत देर पहले भूल चुके एक स्रोत से लिखी: ''भूमि निश्चित मात्रा में ही पौधों का भार उठा सकती है, और हर बढ़ते पौधे का अर्थ होता है कि बीज का दम घोंटने वाला बीज।'' झाड़ियों ने पौधों को वैसे खत्म नहीं किया था, जैसे पथरीली भूमि ने किया था। पौधे बढ़े, परन्तु थोड़ी देर बाद उनका विकास रुक गया था। उनकी कोंपलें तो निकलीं,[5] परन्तु वे कोंपलें खाली थीं, जिस कारण पौधों को ''फल न लगा'' (मरकुस 4:7)।

अच्छी भूमि: चिकनी, गहरी और साफ

''पर कुछ अच्छी भूमि पर गिरे'' (मत्ती 13:8क)। यह अच्छी और उपजाऊ भूमि थी, जो बीज डालने के लिए तैयार की गई और तैयार थी। यह दूसरी भूमियों से उलट थी। मार्ग के किनारे की भूमि सज़्त थी, परन्तु यह भूमि नरम थी। पथरीली भूमि सतही थी,

परन्तु यह गहरी थी। झाड़ियों वाली भूमि में जंगली पौधों की भरमार थी, परन्तु यह भूमि साफ़ थी। यहां बीज बिना किसी रुकावट के बढ़ सकता था। इसका परिणाम ज़्या हुआ? इस भूमि में ''फल आए, और सौ गुना, कोई साठ गुना, कोई तीस गुना'' (आयत 8ख)।

दृष्टांत कह लेने के बाद यीशु ने कहा, ''जिस के कान हों वह सुन ले'' (आयत 9)। उसने ज़ोर दिया कि यह कहानी सुनकर भूल जाने वाली नहीं थी। वह अपने सुनने वालों को इसका अर्थ समझने की चुनौती दे रहा था।

प्रासंगिकता (मत्ती 13:10, 18-23; मरकुस 4:10, 13-20; लूका 8:9, 11-15)

यीशु के चेले उससे यह पूछने के लिए आए कि वह दृष्टांतों में बातें ज़्यों करता है (मत्ती 13:10) और इस दृष्टांत का ज़्या अर्थ है (लूका 8:9)। तब यीशु ने उन्हें इसका अर्थ समझाया। वह बताने लगा, ''सो तुम बोने वाले का दृष्टांत सुनो'' (मत्ती 13:18)।

भूमियों की उसकी व्याख्या को समझने से पहले बीज बोने वाले और खेत के महत्व को समझ लेना आवश्यक है। पहले, *बीज* पर विचार करें: यीशु ने कहा, ''दृष्टांत यह है: बीज तो परमेश्वर का वचन है'' (लूका 8:11)। फिर, उसने कहा कि ''बोने वाला वचन बोता है'' (मरकुस 4:14)। बीज ''परमेश्वर के जीवते और सदा ठहरने वाले वचन'' को कहा गया है (1 पतरस 1:23), और *बोने वाला* वह है, जो वचन को बोता या बिखराता है, अर्थात सिखाने वाला या प्रचारक। अपने प्रचार के लिए पौलुस ने कहा, ''मैंने लगाया'' (1 कुरिन्थियों 3:6क)। *खेत* कहां है? लोगों का हृदय या मन। मन ही है, जो वचन को ग्रहण करने की क्षमता रखता है। यीशु ने अच्छी भूमि ''वचन सुनकर भले और उज़म मन में सज़्भाले'' रहने वालों को कहा (लूका 8:15)।

यहां दृष्टांत का दबाव है कि हर परिस्थिति में बीज और बोने वाला एक ही है: अन्तर था तो भूमियों में।[6] बीज को ग्रहण करने के लिए हर भूमि की अलग स्थिति थी, जिसका हर जगह अलग-अलग परिणाम निकला। इस दृष्टांत से हम में से हर एक को अपने आप से पूछने के लिए विवश होना चाहिए, ''मेरा मन कैसा है? मैं वचन को कैसे ग्रहण करता/करती हूं?''

आइए, अब मन की चार किस्मों की अलग-अलग भूमि की यीशु की व्याज़्या को देखते हैं।

मार्ग के किनारे की भूमि: कठोर मन वाले लोग

मार्ग के किनारे की भूमि उदासीनता या पूर्वधारणा से रौंदे गए और ''पाप के छल में आकर कठोर'' (इब्रानियों 3:13) होने वाले *सज़्त मन* को दर्शाती है। यदि आपने कभी किसी को समझाने की कोशिश की हो, तो आपको ऐसे लोग मिले होंगे, जिनकी सुसमाचार में कोई रुचि नहीं थी। पौलुस ने 1 कुरिन्थियों 2:14 में ऐसे व्यज़्ति के लिए कहा है: ''परन्तु शारीरिक मनुष्य परमेश्वर के आत्मा की बातें ग्रहण नहीं करता, ज़्योंकि वे उसकी दृष्टि में

मूर्खता की बातें हैं, और न वह उन्हें जान सकता है, ज़्योंकि उनकी जांच आत्मिक रीति से होती है।'' उसमें ''सत्य से प्रेम'' (2 थिस्सलुनीकियों 2:10) का अभाव रहता है। वचन का बीज उसके मन पर असर नहीं कर सकता।

इस कारण यीशु ने कहा, ''जो कोई राज्य का वचन सुनकर नहीं समझता, उसके मन में जो कुछ बोया गया था, उसे वह दुष्ट आकर छीन ले जाता है; यह वही है, जो मार्ग के किनारे बोया गया था'' (मत्ती 13:19)। जिस तरह मार्ग के किनारे से बीज पक्षी चुग लेते हैं, वैसे ही शैतान कठोर मन वाले व्यक्ति से वचन को चुरा लेता है। वह कैसे? सबसे आसान और सरल ढंग तुरन्त उसके मन में हज़ारों दूसरे विचार डालना है। शैतान ऐसा ज़्यों करता है? ''... कि कहीं ऐसा न हो कि वे विश्वास करके उद्धार पाएं'' (लूका 8:12)। विश्वास परमेश्वर के वचन से आता है (रोमियों 10:17), और शैतान नहीं चाहता कि लोग वचन को सुनकर विश्वास लाएं। वह चाहता है कि अधिक से अधिक लोग उसके साथ नरक में जाएं।

ज़्या यह हो सकता है कि इन बातों को पढ़ने वाले किसी व्यक्ति का मन ऐसा ही हो? ज़्या यह हो सकता है कि किसी ने वचन को ग्रहण करने के विरुद्ध अपने मन को कठोर किया हो? बाइबल आग्रह करती है, ''यदि आज तुम उसका शब्द सुनो, तो अपने मनों को कठोर न करो'' (इब्रानियों 4:7ख)। बल्कि, ''उस वचन को नम्रता से ग्रहण कर लो, जो हृदय में बोया गया और जो तुम्हारे प्राणों का उद्धार कर सकता है'' (याकूब 1:21)। याद रखें: बीज को खोने का अर्थ जीवन खोना है ... ज़्योंकि आत्मिक जीवन तो बीज में ही है!

पथरीली भूमि: सतही मन

फिर यीशु ने पथरीली भूमि का अर्थ समझाया, ''जो पथरीली भूमि पर बोया गया, यह वह है, जो वचन सुनकर तुरन्त आनन्द के साथ मान लेता है'' (मत्ती 13:20)। पथरीली भूमि सतही मन के, छिछोरे व्यक्ति का चित्रण है। हो सकता है कि आपको कोई ऐसा व्यक्ति मिला हो: लगता है कि उसने आनन्द से सच्चाई को ग्रहण कर लिया है। वह सुसमाचार को जल्दी ग्रहण कर लेता है, और हम में से हर कोई आनन्द करने लगता है: ''कितनी अच्छी बात है कि इसे मसीही बनने में इतना कम समय लगा!'' फिर, उतनी ही जल्दी उसकी दिलचस्पी खत्म होने लगती है और उससे हमारे मन दुखी होते हैं। यह व्यक्ति उस पौधे की तरह है, जो गहरी मिट्टी न मिलने के कारण जल्दी से उग जाता है। कारण जो भी हो, इस व्यक्ति ने सच्चाई में जड़ नहीं पकड़ी है।[7] वह मसीहियत के सच्चे महत्व को समझने में नाकाम रहा है।

यीशु की व्याख्या के अनुसार, ऐसा व्यक्ति ''अपने में जड़ न रखने के कारण थोड़े ही दिन का है'' (मत्ती 13:21क)। वह पहली किस्म वाली भूमि से अच्छा लगता है, परन्तु ''अन्त तक'' (मत्ती 10:22) नहीं सहता। फिर, उसका परिणाम भी वही होता है: ''... और जब वचन के कारण क्लेश या उपद्रव होता है, तो तुरन्त ठोकर खाता है'' (मत्ती 13:21)। जैसे जड़ ऊपर होने के कारण पौधा सूर्य की रोशनी से सूख जाता है, वैसे ही यह

व्यक्ति भी कष्ट और सताव आने से पहले ही मुरझा जाता है। जैसे अच्छी तरह जड़ पकड़े पौधे को सूर्य से सामर्थ मिलती है और ऊपर जड़ रखने वाले पौधे सूख जाते हैं, वैसे ही सताव मसीह में जड़ रखने वाले[8] मसीही को सामर्थ देते हैं और सतही चेले मुरझा जाते हैं।[9]

दृष्टांत में ''तुरन्त'' शज़्द के दोहराव पर ध्यान दें: उसने ''*तुरन्त* आनन्द से'' वचन को मान लिया, परन्तु जब उसने पाया कि वचन के कारण सताव आया है, तो वह ''*तुरन्त*'' गिर गया। जब उसने पाया कि मुकुट के रास्ते में क्रूस है तो उसने क्रूस से बचने के लिए मुकुट को छोड़ दिया।

मैं आशा करता हूं कि ये बातें आप पर लागू नहीं होतीं। यह देखने के लिए कि आप न ''कितनी जड़ पकड़ी'' है, आप को यह देखना होगा कि आप सताव को कहां तक सहन कर सकते हैं। सतही मसीही दिखने में तब तक दूसरे मसीहियों की तरह ''स्वस्थ'' लगता है, जब तक परमेश्वर की आज्ञा मानने से आज्ञा तोड़ना आसान होता है:

- जब तक बाइबल अध्ययन में जाने के बजाय बिस्तर में रुकना आसान हो।
- जब तक आराधना में जाने के बजाय मछली पकड़ने जाना आसान हो।
- जब तक किसी को सुसमाचार सुनाने से शांत रहना आसान हो।
- जब तब ''जगत की ज्योति'' बनने के बजाय संसार के साथ चलना आसान हो।
- जब तक सच्चाई पर दृढ़ता से ज़ड़े रहने के बजाय बुराई को अनदेज़ा होने देना आसान हो।[10]

''जब वचन के कारण दु:ख या कष्ट'' हो तो *आप की* ज़्या प्रतिक्रिया होगी? यदि आप अब तक सतही मसीही हैं, तो मैं आप के लिए प्रार्थना करता हूं कि आप अपने जीवन का दोबारा समर्पण करें और परमेश्वर के वचन में जड़ पकड़ें।

झाड़ियों वाली भूमि: दुविधा में पड़ा मन[11]

इसके बाद हम झाड़ियों वाली भूमि की बात करते हैं। यीशु ने इस किस्म की भूमि की यह व्याज़्या दी: ''जो झाड़ियों में बोया गया, यह वह है जो वचन को सुनता है, पर इस संसार की चिन्ता और धन का धोखा वचन को दबाता है और वह फल नहीं लाता'' (मज़ी 13:22)।

मेरे विचार से, यह इस दृष्टांत में वर्णित सब से दु:खद स्थिति है। जिस तरह यह भूमि देखने में उपजाऊ और दुज़्मट थी, वैसे ही वह व्यज़्ति है, जो कसमें बहुत खाता है। वह न तो कठोर है और न सतही या ऊपरी; उसका व्यवहार तथा व्यज़्तित्व बहुत गहरा है। उस में परमेश्वर की फलदायक सन्तान बनने की क्षमता है। परन्तु दुर्भाग्य से उसका मन सांसारिक ''झाड़ियों'' से भरा पड़ा है। हो सकता है कि मेरी तरह, जैसे मैं बचपन में गुड़ाई करता था, उसने भी झाड़ियों को ''खुरच दिया'' हो जिससे लगता नहीं है कि वे हैं, परन्तु संसार के साथ उनका सज़्बन्ध अभी भी वैसा ही है।

ऐसे व्यज़्ति के मसीही बनने पर उसके वास्तविक मन परिवर्तन में किसी प्रकार का संदेह नहीं होता। परन्तु अपने मन में मसीह को पहली जगह देने के बजाय (मज़ी 6:33), वह इस संसार की चिन्ताओं (13:22) अर्थात ''धन के धोखे'' (आयत 22), ''जीवन के सुख विलास'' (लूका 8:14) और ''और-और वस्तुओं के लोभ'' (मरकुस 4:19) में घिर जाता है। जैसे भूमि केवल कुछ सीमा तक ही पौधों को सह सकती है, वैसे ही दोनों तरफ ध्यान रखने वाला मन है: ''तुम परमेश्वर और धन [दोनों] की सेवा नहीं कर सकते'' (मज़ी 6:24ख)-या यूं कहें कि परमेश्वर और भोग-विलास, या परमेश्वर और बाकी सब कुछ में से एक को चुनना होगा।

उसके मन के स्वभाव के कारण, उसमें वचन दब जाता है। वचन मरता या नष्ट नहीं होता, बल्कि दब जाता है। जिस तरह कंटीली झाड़ियां पौधों को छुपा लेती हैं, वैसे ही इस व्यज़्ति का आत्मिक जोश निचोड़ लिया जाता है। अपनी क्षमताओं से, वह एक बड़ा मसीही बन सकता था, परन्तु उसकी इच्छा बड़ा उद्योगपति या बड़ा नेता या कोई और बड़ा आदमी बनने की है।

परिणाम यह है कि प्रभु की सेवा में वह फलहीन है। मसीह ने कहा कि इस व्यज़्ति का ''फल नहीं पकता'' (लूका 8:14)। जिस प्रकार खोखले दाने को देखने पर लगता है कि इसमें फल है, वैसे ही यह व्यज़्ति बाहरी तौर पर मसीही लगता है, परन्तु वास्तव में उसका जीवन अन्दर से खोखला है। उसमें मसीह के लिए कोई फल नहीं है।[12] अन्त में वह पाएगा कि उसने संसार को तो पा लिया है, परन्तु अपने प्राण को खोया है (मरकुस 8:36)।

पुन:, यह अपनी जांच करने का समय है। ज़्या हमने इनमें से किसी समस्या को अपने आत्मिक महत्व को सोख लेने की अनुमति दी है?

(1) *इस संसार का ज़्लेश या उपद्रव।* ज़्या हम निरर्थक मामलों को प्रभु के लिए अपने आप को पूर्ण तौर पर देने से ध्यान हटाने देते हैं? मारथा की तरह, हम ''बहुत बातों के लिए चिन्ता करते और घबराते हैं'' (लूका 10:41) कि हमें याद ही नहीं रहा कि वास्तव में ''आवश्यक'' ज़्या है (लूका 10:41, 42)?

(2) *धन का धोखा।* ज़्या हमने धन को हमें यह धोखा देने की अनुमति दी है कि इसे जमा करना ही सबसे बड़ी बात है? हमें कुछ धन की आवश्यकता ज़रूर है-और वह भी केवल कुछ समय के लिए ही। हमें चाहिए कि पागलपन की दौड़ में ''आगे बढ़ने'' के लिए जीवन की आवश्यक बातों को कभी नज़रअन्दाज न करें।

(3) *सुख विलास।* ज़्या यह सज़्भव है कि दुनियादारी हमारे आत्मिक जीवन को सोख ले? ज़्या संसार हमारे मन में बस रहा है? ज़्या हम परमेश्वर और मनुष्य की सेवा करने के बजाय ''आनन्द करने'' पर समय और ऊर्जा नष्ट करते हैं?

हम में से अधिकतर लोग विभाजित या दुविधा में पड़े मन की इसी श्रेणी में आते हैं। हम में गुण व क्षमता है कि हम परमेश्वर के लिए इस्तेमाल हो सकें, परन्तु हम उसके लिए अपने प्रेम पर दूसरी रुचियों को हावी होने देते हैं। हमें चाहिए कि हम अपने मन प्रभु पर लगाने की कोशिश करें। यीशु ने कहा था, ''धन्य हैं वे, जिनके मन शुद्ध हैं'' (मज़ी

5:8क)। पौलुस ने लिखा है, ''सो जब तुम मसीह के साथ जिलाए गए, तो स्वर्गीय वस्तुओं की खोज में रहो, जहां मसीह वर्तमान है और परमेश्वर के दाहिनी ओर बैठा है। पृथ्वी पर की नहीं, परन्तु स्वर्गीय वस्तुओं पर ध्यान लगाओ'' (कुलुस्सियों 3:1, 2)।

अच्छी भूमि: निष्कपट तथा भला मन

अन्त में हम ''अच्छी भूमि'' पर आते हैं, जिसे यीशु ने ''भले और उज़म मन'' कहा है (लूका 8:15)। उनके मन कठोर, खोखले या बंटे हुए नहीं हैं। वे ''वचन सुनकर ग्रहण करते और फल लाते हैं'' (मरकुस 4:20)। वे वचन को ''समझने'' के लिए आवश्यक प्रयास करते हैं (मत्ती 13:23)। वचन को ग्रहण करके वे इसे ''सम्भाले रहते हैं'' (लूका 8:15)। वे उस मनुष्य की तरह हैं, जिसका वर्णन भजन लिखने वाले ने किया है: वे ''यहोवा की व्यवस्था से प्रसन्न रहते'' हैं (भजन संहिता 1:2)।

ऐसे मन में, वचन अंकुरित होकर बढ़ता और अन्त में फल ला सकता है। यीशु ने कहा कि ''यह वह है, जो वचन को सुनकर समझता है, और फल लाता है, कोई सौ गुना, कोई साठ गुना, कोई तीस गुना'' (मत्ती 13:23)। अलग-अलग किस्म की मिट्टी अलग-अलग उपज देती है, इसलिए उपज का प्रतिफल भूमि पर ही निर्भर करता है-कहीं सौ गुना, कहीं साठ गुना और कहीं तीस गुना-जो कि अच्छा फल है। अन्त में यहां बीज बोने से अपेक्षित परिणाम मिलता है: एक परिपक्व मसीही अपने जीवन में आत्मिक फल लाता है।

एक बार फिर, आइए हम सब अपनी ओर देखें। मैं अपने आप से पूछूं, ''क्या मेरा मन भला और उज़म है? क्या मैं उत्सुकता से परमेश्वर के वचन को ग्रहण करता/करती हूं? क्या मैं हर प्रकार से उसकी आज्ञा मानना चाहता/चाहती हूं?''

उन प्रश्नों का उत्तर देने का एक ढंग ''फल को परखना'' है। यीशु ने कहा, ''उनके फलों से तुम उन्हें पहचान लोगे'' (मत्ती 7:16क)। क्या हमने अपने जीवनों में फल दिया है? क्या हमें परमेश्वर की सन्तान बने इतना समय हो गया है कि परमेश्वर अधिकार से हमारे जीवनों में फल की उम्मीद कर सके।[13] मसीह ने कहा, ''मेरे पिता की महिमा इसी से होती है कि तुम बहुत सा फल लाओ, तब ही तुम मेरे चेले ठहरोगे'' (यूहन्ना 15:8)। पौलुस ने कहा कि मसीह के साथ हमें ''परमेश्वर के लिए फल'' लाने के लिए मिलाया गया है (रोमियों 7:4)। उसने हम से आग्रह किया कि ''तुम्हारा चाल-चलन प्रभु के योग्य हो, और वह सब प्रकार से प्रसन्न हो, और तुम में हर प्रकार के भले कामों का फल लगे, और परमेश्वर की पहिचान में बढ़ते जाओ'' (कुलुस्सियों 1:10)।

''फल लाने'' का क्या अर्थ है? ''फल'' शब्द का अर्थ ''परिणाम'' हो सकता है। प्रभु के लिए ''फल लाने'' का अर्थ है कि वचन का हमारे जीवनों में अपेक्षित *परिणाम* मिले, कि लोग हमारे जीवनों से वचन के व्यावहारिक *परिणाम* को देख सकें। यीशु के व्यवहार को दिखाते हुए हम अपने आचरण से ''फल ला रहे'' हैं। लोगों के साथ दयालुतापूर्ण व्यवहार करके और दूसरों की सहायता करके हम ''फल ला रहे'' हैं। विश्वास से आराधना और हमारी बढ़ी हुई सेवा से आत्मिक बातों के प्रति हमारे प्रेम से

''फल लाना'' दिखाई देता है। सुसमाचार को सुनाकर दूसरों को प्रभु के निकट लाते हुए हम ''फल ला रहे'' हैं।[14]

फिर से हम मसीह के शब्दों को दोहराते हैं: ''जिस के कान हों वह सुन ले'' (मत्ती 13:9)। यह आयत न केवल समझने की पुकार है, बल्कि पाठ के सार के लिए भी काम आ सकती है: मसीह की बातों को सुनो और स्वीकार करो, तो तुम आशीष पाओगे!

सारांश

पता नहीं पहले आप वचन को कैसे ग्रहण करते थे, परन्तु मैं आपको अब इसे याकूब द्वारा सुझाए गए मन के व्यवहार से ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करता हूं:

> इसलिए सारी मलिनता और बैर भाव की बढ़ती को दूर करके, उस वचन को नम्रता से ग्रहण कर लो, जो हृदय में बोया गया और जो तुम्हारे प्राणों का उद्धार कर सकता है। परन्तु वचन पर चलने वाले बनो, और केवल सुनने वाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते हैं (याकूब 1:21, 22)।

यहां बाइबल की कुछ महत्वपूर्ण आयतों का इस्तेमाल किया गया है, जिन्हें हो सकता है कि आप जानते हों या हो सकता है कि आप न जानते हों:

> जो विश्वास करे और बपतिस्मा ले उसी का उद्धार होगा, परन्तु जो विश्वास न करेगा वह दोषी ठहराया जाएगा (मरकुस 16:16)।
>
> मन फिराओ, और तुम में से हर एक अपने-अपने पापों की क्षमा के लिए यीशु मसीह के नाम से [में] बपतिस्मा ले; तो तुम पवित्र आत्मा का दान पाओगे (प्रेरितों 2:38)।
>
> अब क्यों देर करता है? उठ, बपतिस्मा ले, और उसका नाम लेकर पापों को धो डाल (प्रेरितों 22:16)।[15]
>
> ... प्राण देने तक विश्वासी रह; तो मैं तुझे जीवन का मुकुट दूंगा (प्रकाशितवाक्य 2:10)।

मेरी प्रार्थना है कि आप का भला और उज़म मन ही हो- ताकि आप इन आयतों को सुनकर, ग्रहण करें, उन्हें समझें और इन्हें मानें, और फिर उन्हें अपने मन में रखें।

नोट्स

इस प्रवचन को बताने के लिए, मैं फलालैन के बोर्ड का इस्तेमाल करता हूं। वचन के आरम्भ में, शीर्षक बोर्ड के ऊपर होता है, बीज बोने वाले का चित्र बोर्ड के केन्द्र में और

काला धागा (पिनों से बांधा गया) बोर्ड को चार क्षेत्रों में विभाजित करता है।

यीशु द्वारा दिए गए प्वायंटों को समझाने के लिए पहले मैं चमड़े के टुकड़े जोड़कर दृष्टांत से आरज़्ज़ करता हूं। मैं कई छोटे-छोटे टुकड़े जोड़ता हूं, जिससे कहानी पूरी समझ आ जाए। उदाहरण के लिए, मैं बोर्ड पर सज़्त भूमि (इसे चिपकाकर) दिखाकर आरज़्भ करता हूं। फिर मैं ''भूमि'' के ऊपर ''बीज'' रखता हूं। अन्त में, मैं उस बीज को ले जाने के लिए एक पक्षी का चित्र चिपकाता हूं। सभी प्रकार की भूमियों के लिए मैं इसी ढंग का इस्तेमाल करता हूं: सतही भूमि के साथ, मैं पहले एक छोटे पौधे का चित्र इस्तेमाल करता हूं; फिर उस पौधे की जगह सूरज और सूखे हुए पौधे का चित्र लगाता हूं। दूसरी भूमियों के लिए भी मैं यही करता हूं। प्रवचन का यह भाग पूरा करने के बाद, जिसमें दृष्टांत दिया गया है, बोर्ड नीचे दिए गए चित्र जैसा लगता है।



दृष्टांत की यीशु की व्याज़्या पर चर्चा करते हुए, मैं भूमियों के नीचे लेबल बदल देता हूं और आवश्यकता के अनुसार विवरणात्मक शज़्द जोड़ देता हूं। बोर्ड के नीचे मैं अपनी जांच को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रश्न देता हूं। अगले पृष्ठ पर दिए गए चित्र से पता चलता है कि प्रवचन के अन्त में बोर्ड कैसा दिखता है।

इस प्रस्तुति का इस्तेमाल पावर प्वायंट प्रोजेज़्टर, ज़्लिप चार्टों या ज़्लैश कार्डों के लिए किया जा सकता है।

टिप्पणियां

[1]इस पाठ के लिए नोट्स मैंने कई साल पहले बनाए थे, सो मुझे याद नहीं है कि मैंने कहां-कहां से ये नोट्स बनाए थे। मुझे याद है कि *मैज़्गवें'स .फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल* मुज़्य स्रोत था, और मुझे एक फलालैन के ग्राफ़ का एक पैकेट भी याद है, जिससे मुझे प्रासंगिकता तथा उदाहरण पर विचार मिले। उसके अलावा, मुझे नहीं पता कि और किसका धन्यवाद करना चाहिए। यदि मैं किसी को श्रेय देना भूल गया हूं तो इसके लिए



क्षमा चाहता हूं। [2]बोलते समय आपको अलग-अलग किस्म की मिट्टी के उदाहरण दिखाने चाहिए। [3]पृथ्वी को अलग-अलग आकार के पत्थरों से भरी हुई नहीं, बल्कि पत्थरों की सतह के ऊपर मिट्टी की एक पतली परत मानें। [4]जे. डब्ल्यू. मैज़गर्वे एण्ड फिलिप्प वाई. पैंडलटन, *द .फ़ोर.फ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़ द .फ़ोर गॉस्पल्स* (सिंसिनटी: स्डैण्डर्ड पब्लिशिंग कं., 1914), 330. [5]जहां मैं रहता हूं वहां मैं गेहूं का सिर या मक्की का कान कह सकता हूं। अपने सुनने वालों के लिए परिचित शब्द का इस्तेमाल करें। [6]यह सच है कि भूमि (मन) को बोने वाले (शिक्षक) द्वारा तैयार करना और उसे साफ़ रखना आवश्यक है, परन्तु इस दृष्टांत में केवल भूमि (मन) की स्थिति पर विचार किया गया है। [7]पढ़ें कुलुस्सियों 1:23. [8]पढ़ें कुलुस्सियों 2:7. [9]यह कथन मैज़गर्वे एण्ड पैंडलटन, 334 से लिया गया था। [10]मेरी प्रासंगिकताएं वहां पर ठीक बैठती हैं, जहां मैं रहता हूं। इन्हें अपने इलाके और सुनने वालों के लिए आवश्यकता के अनुसार बदल लें।

[11]एक और शब्द ''घबराया हुआ मन'' इस्तेमाल किया जा सकता है। [12]आपको समझाना पड़ सकता है कि प्रभु के लिए ''फल देने'' का क्या अर्थ है। पाठ के अन्त के निकट इस पर संक्षेप में चर्चा की गई है। [13]आप अपने सुनने वालों द्वारा परिचित पौधों का इस्तेमाल करते हुए इस विचार को विस्तार दे सकते हैं। मेरे पास पेकान (अख़रोट जैसा एक पेड़) के सात बड़े-बड़े पेड़ हैं, जिनके साथ दो छोटे पेड़ भी हैं। मुझे छोटे पेड़ों से तुरन्त फल की उम्मीद नहीं थी, परन्तु इस साल उनमें कुछ फल लगना शुरू होने की उम्मीद थी। यदि कुछ मौसम ऐसे ही बीत जाते हैं और उनमें कोई फल नहीं लगता, और उन्हें काट दिया जाता। (इस साल पहली बार उन पर कुछ अखरोट लगे हैं, सो अब उन्हें कोई खतरा नहीं है।) [14]इस पद को अपने इलाके के हिसाब से लेकर विस्तार दें। [15]आपके सुनने वालों पर निर्भर करता है, आप चाहें तो खोए हुए मसीहियों की घर वापसी पर आयतें जोड़ सकते हैं (प्रेरितों 8:22; याकूब 5:16; 1 यूहन्ना 1:9)।